आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिगलीपुर क्षेत्र में चार नए स्कूबा डाइविंग स्थलों की पहचान की है।

2. द्वीप समूह में किसानों के कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए कृषि विभाग द्वारा किसान कॉर्नर की स्थापना की गई है।

3. विम्बर्लीगंज, उप शिक्षा कार्यालय, 15 जून तक स्कूली छात्रों के लिए एक महीने का ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर आयोजित कर रहा है।

4. आगामी एशियन बीच स्प्रिन्ट रोइंग चैम्पियनशिप के लिए अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन सिप्पीघाट स्थित साई वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चयन ट्रायल आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिगलीपुर क्षेत्र में चार नए स्कूबा डाइविंग स्थलों की पहचान की है। प्रशासन का उद्देश्य क्षेत्र में साहसिक जल क्रीड़ाओं और मनोरंजक पर्यटन गतिविधियों का विस्तार करना है। डिगलीपुर क्षेत्र समुद्री जैव विविधता और प्रवाल भित्तियों से समृद्ध है, जो स्कूबा डाइविंग के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जा रहा है। पहचाने गए स्थलों में रॉस एंड स्मिथ द्वीप के निकट शोर डाइविंग साइट शामिल है, जिसकी गहराई 2 से 12 मीटर तक है। इसके अलावा रॉस एंड स्मिथ ब्रिज के उत्तर–पूर्व में 3 से 11 मीटर गहराई वाली बोट डाइविंग साइट, स्मॉल वॉल ऑफ रॉस आइलैंड में 8 से 21 मीटर गहराई वाली साइट तथा जेंटल स्लोप वॉल में 8 से 31 मीटर गहराई वाली बोट डाइविंग साइट चिन्हित की गई हैं। इन स्थलों की पहचान से स्थानीय पर्यटन हितधारकों और नौका संचालकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। अब पर्यटन हितधारक एवं स्कूबा डाइविंग संचालक निर्धारित दिशा–निर्देशों के तहत डिगलीपुर क्षेत्र में अपने डाइविंग केन्द्र का पंजीकरण करवा कर संचालन शुरू कर सकते हैं।

<><><><><><><>

युवा सशक्तिकरण और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अंडमान निकोबार पुलिस ने उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले के मायाबंदर क्षेत्र में करेन समुदाय के बेरोजगार युवाओं के लिए

हाल ही में व्यावसायिक स्कूबा डाइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को विशेष डाइविंग कौशल प्रदान कर पर्यटन एवं समुद्री क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन पी ए डी आई के लैकाडाइव्स के प्रमाणित प्रशिक्षक द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का समन्वय अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्कूबा डाइविंग एवं अंडरवाटर ऑपरेशन से संबंधित व्यावहारिक और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 9 युवाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त पी ए डी आई प्रमाणन हासिल किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के किसानों को उनके कृषि उत्पादों की बिक्री में मार्केटिंग सहायता प्रदान करने के लिए किसान कॉर्नर की स्थापना की गई है। यह कॉर्नर कृषि विभाग के 'Sale Outlet – VATIKA – Agriculture Store' में कार्यरत है, जो मिडिल प्वाइंट स्थित सागरिका इम्पोरियम उद्योग परिसर में स्थित है। इस आउटलेट से आम जनता और पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पाद बेचे जा रहे हैं, जिनमें शुद्ध नारियल तेल, स्थानीय मसाले, GI – टैग प्राप्त पारंपरिक चावल, शहद आदि शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा उत्पादित विभिन्न कृषि उपज, मूल्य–वर्धित उत्पादों और साथ ही किसानों की अपनी कृषि उपज की बिक्री के लिए एक ही स्थान पर मिलने वाली सुविधा उपलब्ध कराना है। किसान अपनी उपज को इस कॉर्नर में बिक्री के लिए बिना किसी शुल्क के रख सकते हैं। इच्छुक किसानों को कृषि विभाग के पास अपना नाम पंजीकृत करवाना होगा, जिसमें उन्हें बिक्री के लिए उपलब्ध अपनी उपज की मात्रा का विवरण देना होगा। पंजीकरण के लिए, किसानों को निर्धारित प्रारूप में एक आवेदन जमा करना होगा। पंजीकरण के लिए, इच्छुक किसान सभी कार्य दिवसों पर अपने निकटतम उप–डिपो प्रभारी या क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। किसी भी अन्य सहायता के लिए, किसान सभी कार्य दिवसों पर किसान कॉल सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उप शिक्षा कार्यालय, विम्बर्लीगंज, 15 मई से 15 जून तक विम्बर्लीगंज ज़ोन के स्कूली छात्रों के लिए एक महीने का ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर आयोजित कर रहा है। इस शिविर में फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेल शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, खेल भावना और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। कोचिंग शिविर के उद्घाटन सत्र में लगभग 80 छात्रों

ने पंजीकरण करवाया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में विम्बर्लीगंज के उप शिक्षा अधिकारी, डॉ. मनोहरन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विम्बर्लीगंज के सहायक निदेशक खेल, विश्वनाथ सेन विशिष्ट अतिथि और कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान अब्दुल बसीर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

तटीय सुरक्षा अभ्यास "सागर कवच अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सभी संबंधित एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी और समन्वय के साथ 14 और 15 मई को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य शत्रु पक्ष के तत्वों द्वारा समुद्री मार्ग से घुसपैठ के प्रयासों का अनुकरण करके और ज़मीन पर स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नकली हमले करके, मौजूदा तटीय सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता को परखना था। समुद्री और तटीय क्षेत्रों में तैयारियों, प्रतिक्रिया क्षमताओं, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और निगरानी तंत्र का आकलन करने के लिए विभिन्न परिचालन परिदृश्यों का अभ्यास किया गया। अंडमान और निकोबार पुलिस ने पूरे द्वीप समूह में मानव संसाधन और भौतिक संसाधनों की प्रभावी तैनाती के माध्यम से अनुकरणीय प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता का प्रदर्शन करते हुए, इस अभ्यास के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन, 25 और 26 मई, को सिप्पीघाट स्थित साई वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक चयन ट्रायल आयोजित करेगा। यह ट्रायल अंडमान निकोबार द्वीप समूह की रोइंग टीम के चयन के लिए होगा, जो आगामी एशियन बीच स्प्रिंट रोइंग चौंपियनशिप में हिस्सा लेगी। यह चौंपियनशिप पहली बार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आयोजित की जा रही है, जिसका आयोजन रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपना नाम 24 मई दोपहर तीन बजे तक रोइंग एसोसिएशन के महासचिव ईसुदासन के पास या फोन संख्या 9434–284–756 के माध्यम से पंजीकृत करवा सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के नव–निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह कल मायाबंदर के पोखाडेरा सामुदयिक सभागार में आयोजित किया गया। पद और गोपनीयता की शपथ उत्तरी और मध्य अंडमान के उपायुक्त, सुशांत पाधा द्वारा दिलाई गई। उत्तरी और मध्य अंडमान के नव–निर्वाचित ज़िला

परिषद अध्यक्ष आर. अलगार स्वामी और उपाध्यक्ष अर्पोना रॉय ने अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट, ज़िला प्रशासन और ज़िला परिषद के अधिकारियों और सभी सदस्यों के साथ आम जनता के सदस्यों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर उपायुक्त ने नव–निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे उत्तरी और मध्य अंडमान ज़िले के लोगों के कल्याण और विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।

**<><><><><><><>**